मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-488
02/10/2021

# मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152वीं जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**पटना, 02 अक्टूबर 2021** :– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 152वीं जयंती के अवसर पर राज्यपाल श्री फागू चौहान, मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना के गाँधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विशाल आदमकद प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर पथ निर्माण मंत्री श्री नितिन नवीन, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर प्रमण्डलीय आयुक्त श्री संजय कुमार अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक पटना रेंज श्री संजय सिंह, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेन्द्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

इस अवसर पर सूचना जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

माल्यार्पण के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बापू की जयंती पर हम सब उनके विचारों को याद करते हैं। हम सभी को उनके विचारों पर न सिर्फ आगे बढ़ना है बल्कि नई पीढ़ी तक उनके विचारों को पहुँचाना है ताकि देश आगे बढ़े, दुनिया आगे बढ़े और आपस में प्रेम, भाईचारा एवं सद्भाव का माहौल रहे।

******